Navbharat Times
Mumbai, 12 October 2020

'सूरज की तरह चमकना है तो पहले सूरज की तरह जलना होगा'



पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन 'छात्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है। अब्दुल कलाम को 'मिसाइलमैन' भी कहते हैं। कलाम के जन्मदिन पर जानो उनसे जुड़ी खास बातें:

भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति **एपीजे अब्दुल कलाम** के जन्मदिन (15 अक्टूबर) पर स्पेशल

- अब्दुल कलाम 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम (तमिलनाडु) में एक तमिल मुस्लिम परिवार में पैदा हुए थे। उनके पिता एक नाविक थे। कलाम पांच भाई-बहन थे।
- उनका परिवार बहुत गरीब था। अपने परिवार की मदद करने के लिए उन्होंने कम उम्र में ही अखबार बेचना शुरू कर दिया था।
- तब उनके घर में बिजली नहीं थी और वह केरोसिन तेल का दीया जलाकर पढ़ाई किया करते थे।
- 1955 में वह मद्रास (अब चेन्नै) चले गए। वहां उन्होंने मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से एयरोस्पेस इंजिनियरिंग की।
- कलाम का सपना एक लड़ाकू पायलट बनना था। एग्जाम में नौवां स्थान था, जबकि इंडियन एयर फोर्स ने केवल 8 स्थान तक के कैंडिडेट चुने थे।
- उन्होंने इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) और डिफेंस रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO) के साथ एयरोस्पेस इंजिनियर के रूप में काम किया था।
- कलाम ISRO में भारत के पहले स्वदेशी सैटलाइट लॉन्च वाहन (SLV-III) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे।
- वह 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति रहे।
- 27 जुलाई 2015 को IIM शिलॉन्ग में लेक्चर देते वक्त दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

कलाम की कलम से

- महान सपने देखने वालों के महान सपने हमेशा पूरे होते हैं।
- Man needs difficulties in life because they are necessary to enjoy the success.
- इंतजार करने वालो को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते है।
- देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है।
- सपने वे नहीं होते जो आप सोते समय देखते हैं, बल्कि सपने वे हैं जो आपको सोने नहीं देते।
- अगर आप सूरज की तरह चमकना चाहते हैं तो आपको पहले सूरज की तरह ही जलना भी होगा।
- It is very easy to defeat someone, but it is very hard to win someone.
- All of us do not have equal talent. But , all of us have an equal opportunity to develop our talents.
- जीवन में फेल होते हैं तो कभी हार न मानें क्योंकि F.A.I.L. मतलब first Attempt In Learning होता है।
- अलग ढंग से सोचने का साहस करो, आविष्कार का साहस करो, अज्ञात पथ पर चलने का साहस करो, समस्याओं को जीतो और सफल बनो। ये वो महान गुण हैं जिनकी दिशा में तुम अवश्य काम करो।
- All Birds find shelter during a rain. But Eagle avoids rain by flying above the Clouds.

अब्दुल कलाम द्वारा लिखीं कुछ प्रमुख पुस्तकें

- India 2020: A Vision for the New Millennium (1998)
- Wings of Fire: An Autobiography (1999)
- The Luminous Sparks: A Biography in Verse and Colours (2004)
- Mission of India: A Vision of Indian Youth (2005)
- Inspiring Thoughts: Quotation Series (2007)

विजन 2020

अब्दुल कलाम ने साल 1998 में अपने सपने को एक डॉक्युमेंट बनाया और उसे विजन 2020 नाम दिया। बाद में कलाम ने 'इंडिया 2020 ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम' नाम से इस पर किताब भी लिखी। इस डॉक्युमेंट में ये बातें थीं:

- भारत की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए देश को कृषि उत्पादन और फूड प्रोसेसिंग का उत्पादन दोगुना करने की जरूरत है।
- हर गांव तक बिजली पहुंचाना और सोलर पावर को बढ़ावा देना जरूरी होगा।
- देश को पूरी तरह साक्षर करना होगा। सामाजिक सुरक्षा व लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध करानी होंगी।